हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार 30 दिसंबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा


तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री


12 कोसरिया गांड़ा समाज की प्रांतीय युवक-युवती...





12 फिटनेस में नई पहचान बनी भानुप्रतापपुर की पहली...




## खबर संक्षेप

### अटल की स्मृति में आज विस स्तरीय कार्यक्रम

**नरहरपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी समारोह को कांकेर विधानसभास्तरीय कार्यक्रम में आज 30 दिसंबर मंगलवार को सुबह 10 बजे वार्ड क्रमांक 10 के रंगमंच पर मे अटल स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिला संगठन प्रभारी पूर्व विधायक रंजना साहू, विधायक आशाराम नेताम, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन एवं धमतरी के पूर्व जिलाध्यक्ष शशि पवार रहेंगे। कार्यक्रम में कांकेर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पांचों मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता से उपस्थित रहने अपील की गई। उक्त जानकारी भाजपा कार्यकर्ता मुकेश संचेती ने दी।

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत मांदरी निवासी 20 वर्षीय राकेश्वरी मंडावी पिता मेहत्तर मंडावी ने 28 दिसंबर को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतिका के पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### भुसकी में संकुल स्तरीय खेलकूद स्पर्धा कल से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत संकुल मेड़ों के अंतर्गत ग्राम भुसकी में संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 31 से 1 जनवरी तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता में सर्किल केंद्र के अंतर्गत आने वाली पांच प्राशा एवं दो माशा के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक भाग लेंगे। प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी, वॉलीबाल, लंबी कूद, 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ सहित अन्य खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य धनसाय हुरा, अध्यक्षता साधुमिचगांव के सरपंच मुकेश कुमार गावड़े करेंगे।

### नाबालिग ने लगाई फांसी, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत घोठा में नाबालिक लड़की ने फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतिका घोठा निवासी 15 वर्षीय सियाबत्ती पद्दा पिता मैनुराम ने 27 से 28 दिसंबर के बीच फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घोठा निवासी 50 वर्षीय रामप्रसाद कावड़े ने थाना भानुप्रतापपुर में घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मृतिका ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कामय कर विवेचना में लिया गया।

### संकुल स्तरीय खेल स्पर्धा 2 से, 400 खिलाड़ी भाग लेंगे

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल ब्लाक अंतर्गत ग्राम सिहारी में 2 दिवसीय अंतर संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में संकुल केन्द्र सिहारी और मर्रामपानी के प्राथमिक, माध्यमिक व हाईस्कूल के लगभग 400 स्कूली बच्चे हिस्सा लेंगे, जिसके लिए सिहारी के ग्रामीण जोर-शोर से तैयारी कर रहे हैं। ग्राम पंचायत सिहारी के सरपंच रामकुमार गावड़े, उपसरपंच फुलेश्वरी नेताम, वार्डपंच शारदा कोमरा, बलदेव उयके, सिरमो कल्लो, दीपक कल्लो, महेश कोमरा, एसएमसी अध्यक्ष मनोज दुग्गा, भूतपूर्व सरपंच सोमजी दुग्गा, ग्राम गायता शिवलाल कल्लो, ग्राम पटेल झाडूराम कल्लो, श्यामलाल जैन, सरजू कोमरा ने बताया कि आगामी 2 व 3 जनवरी को ग्राम सिहारी में दो दिवसीय अंतर संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली गईं हैं। खेल का शुभारंभ 2 जनवरी को होगा। इस दौरान दोनों ही संकुल शेष पेज 10 पर

## हड़ताल: सरकारी दफ्तरों में छाया रहा सन्नाटा, आमजन होते रहे परेशान

# अधिकारी-कर्मचारियों की हड़ताल से ठप रहा कामकाज, आज और कल नहीं मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- फेडरेशन ने सरकार ने सामने 11 सूत्रीय माँगे रखी, सरकार के संज्ञान में कई बार लाया गया

जिले भर में सोमवार से शुरू हुई सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों की हड़ताल ने प्रशासनिक व्यवस्था की कमर तोड़कर रख दी। सुबह से ही सरकारी कार्यालयों में कुर्सियां खाली रहीं और फाइलें धूल फांकती दिखीं। रोजमर्रा के जरूरी कामों के लिए दफ्तरों का रुख करने वाले आम नागरिक निराश होकर लौटते रहे। कहीं प्रमाण पत्र के लिए लोग भटकते दिखे, तो कहीं पेंशन, बिजली-पानी, राजस्व और अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े कार्य पूरी तरह ठप पड़े रहे। कर्मचारियों की इस सामूहिक हड़ताल का असर न सिर्फ सरकारी दफ्तरों तक सीमित रहा, बल्कि इसका सीधा प्रभाव आमजन की जिंदगी पर भी पड़ा।

मोदी की गारंटी लागू करवाने छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने तृतीय चरण जिला स्तरीय कलम बंद-काम बंद आंदोलन 29 से 31 दिसंबर तक किया जा रहा है। हड़ताल पर गए फेडरेशन के पदाधिकारियों का कहना है कि उनकी वर्षों पुरानी मांगों को अब तक नजरअंदाज किया जाता रहा है। बार-बार ज्ञापन सौंपने और आश्वासन मिलने के बावजूद कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, जिससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। इसी के चलते सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी एकजुट होकर हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारी संगठनों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यह हड़ताल साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर तक जारी रहेगी। सरकारी दफ्तरों में कामकाज पूरी तरह ठप होने से सबसे ज्यादा परेशानी आम नागरिकों को उठानी पड़ रही है। दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से लोग सुबह-सुबह दफ्तर पहुंचे, लेकिन कार्यालय की कुर्सी खाली देखकर मायूस लौट गए। किसी को जाति प्रमाण पत्र शेष पेज 10 पर



जिला कलेक्टोरेट के कंमरा नंबर 15 में छाया सन्नाटा



हड़ताल में बैठे अधिकारी व कर्मचारी

### मजबूरी में उठाया गया कदम है

कर्मचारी नेताओं का कहना है कि यह आंदोलन मजबूरी में उठाया गया कदम है। अगर समय रहते सरकार ने उनकी मांगों को पूरा किया होता, तो आज यह स्थिति नहीं बनती। कर्मचारियों ने साफ किया है कि वे जनता को परेशान नहीं करना चाहते, लेकिन अपने हक के लिए यह संघर्ष जरूरी हो गया है। सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों की हड़ताल ने जिले की रफ्तार को थाम दिया है। साल के आखिरी दिनों में जहां लोग अपने जरूरी काम निपटाने की उम्मीद लगाए बैठे थे, वहीं अब उन्हें 31 दिसंबर तक इसी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### फेडरेशन की 11 सूत्रीय मांगें

केंद्र सरकार के समान कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देश निधि से महंगाई भत्ता (डीए) लागू किया जाए, डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित किया जाए, सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए, लिपिको, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाए, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए संपूर्ण सेवा लाभ दिया जाए, पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाए, सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों की तृतीय समयमान वेतनमान दिया जाए, नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मसिक वेतन एवं समयबद्ध पदोन्नति दिया जाए, अनुकंपा नियुक्ति नियमों में 10 प्रतिशत सीलिंग में शिथिलिकरण किया जाए, प्रदेश में कैशलेस सुविधा लागू किया जाए, अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस किया जाए, दैनिक, अनियमित, संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की ठोस नीति बने व सभी विभागों में समानता लाते हुए सेवनिवृत आयु 65 वर्ष किया जाए।

### सिहारी में 7 दिनी रासेयो का शुभारंभ आज किया जाएगा

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल पीएमश्री सेजेस दुर्गुकोंदल की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम मर्रामपानी, ग्राम पंचायत सिहारी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 30 से 05 जनवरी तक नशा मुक्त भारत थीम पर आयोजित होगा। शिविर में समाज में फैली नशे की प्रवृत्ति के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाने के साथ-साथ सामाजिक सेवा एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ किया जाएगा। शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन 30 दिसंबर को ग्राम मर्रामपानी में किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सिहारी के सरपंच राम गावड़े व कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएमश्री के प्राचार्य अजय नेताम करेंगे। सात दिवसीय इस विशेष शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्ति रैली, स्वच्छता अभियान, जागरूकता सभाएं, पोस्टर-नारे लेखन, श्रमदान, स्वास्थ्य एवं सामाजिक चेतना से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ, जागरूक एवं सशक्त समाज का निर्माण करना है। एनएसएस इकाई द्वारा क्षेत्र के समस्त जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों शेष पेज 10 पर



## बिलासपुर युवा महोत्सव में दलदली राऊत नाचा टीम ने कांकेर का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरोना

जिले की नरहरपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत दलदली की गोवर्धन राऊत नाचा टीम ने जिले का प्रतिनिधित्व बिलासपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य युवा महोत्सव 2025 किया और दूसरा स्थान प्राप्त कर कांकेर जिले का नाम रोशन किया। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य युवा महोत्सव 2025 का आयोजन बिलासपुर में किया गया। इस राज्य स्तरीय आयोजन में कांकेर जिले की नरहरपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत दलदली की गोवर्धन राऊत नाचा टीम के बिमलेश यादव एवं अनिल यादव के नेतृत्व में चयनित होकर राज्य युवा महोत्सव में पहुँची। इस टीम ने प्रदेश के 31 जिलों से आई टीमों के साथ सहभागिता किया। मंच पर प्रस्तुत राऊत नाचा में पारंपरिक वेशभूषा, तालबद्ध नृत्य और समूह समन्वय देखने को मिला, जिसे निर्णायक मंडल द्वारा अंक प्रदान किए गए। राज्य युवा महोत्सव में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर ग्रामीण यादव समाज दलदली द्वारा टीम का तिलक वंदन कर स्वागत किया गया। समाज के लोगों ने कलाकारों को आगे भी भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर यादव समाज अध्यक्ष सुदामा यादव ने कहा कि राऊत नृत्य समाज की परंपरा से जुड़ा हुआ है और इसे आगे बढ़ाना सामूहिक दायित्व है। ऐसे आयोजनों में भाग लेने से अनुशासन और सामाजिक जुड़ाव बढ़ता है। राऊत नाचा टीम के सदस्यों ने बताया कि टीम को समाज के सहयोग से यह परिणाम प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि गांव, समाज और जिले के लिए साझा है। शेष पेज 10 पर

## आरक्षण और पेसा कानून मुद्दे पर पिछड़ा वर्ग समाज ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**कांकेर।** सर्व पिछड़ा वर्ग समाज ने अपने हक और अधिकारों को लेकर एक बार फिर मजबूत आवाज बुलंद की है। समाज ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यदि उनकी जायज मांगों पर समय रहते गंभीरता से विचार नहीं किया गया, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। यह आंदोलन पूरी तरह लोकतांत्रिक होगा, लेकिन इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। समाज का कहना है कि वर्षों से उपेक्षा और अनदेखी के कारण पिछड़ा वर्ग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है।



पिछड़ा वर्ग समाज के पदाधिकारी 29 सितंबर को कलेक्ट्रोरेट पहुँचकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन प्रशासन प्रतिनिधि को सौंपा। पदाधिकारियों ने सरकार के समक्ष दो सूत्रीय प्रमुख मांगें रखी हैं। पहली मांग यह है कि देश के विभिन्न राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ में भी पिछड़ा वर्ग समाज के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाए। समाज का तर्क है कि जब अन्य राज्यों में यह व्यवस्था सफलतापूर्वक लागू है, तो छत्तीसगढ़ में इसे लागू करने में देरी क्यों। इसके साथ ही समाज ने यह भी मांग की है कि यदि आवश्यकता पड़े, तो केन्द्र सरकार से पहल कर छत्तीसगढ़ की आरक्षण व्यवस्था को संविधान की 9 वीं अनुसूची में शामिल कराया जाए, ताकि इसे न्यायालय में चुनौती न दी जा सके और आरक्षण स्थायी रूप से सुरक्षित रह सके। दूसरी अहम मांग पेसा कानून को लेकर है। वर्तमान सरकार द्वारा बस्तर एवं सरगुजा संभाग में पेसा कानून को पूर्ण रूप से लागू करने शेष पेज 10 पर

## नल जल योजना के नाम पर सड़क खोदी और छोड़ी, वार्डवासी हो रहे परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- नगर पंचायत की लापरवाही से वार्ड क्रमांक 11 के हालात बद से बदतर

विकास के नाम पर शुरू की गई नल-जल योजना अब नरहरपुर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 11 के लिए मुसीबत बनती जा रही है। सीसी रोड के बीचोंबीच खोदा गया गड्ढा महीनों बाद भी जस का तस पड़ा है, जिससे आमजन का रोजमर्रा का आवागमन बाधित हो रहा है और हादसों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

नगर पंचायत द्वारा नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क को खोदा गया था, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद सड़क की मरम्मत नहीं की गई। नतीजतन सड़क के बीच बना गड्ढा अब दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है। बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। रात के समय हालात और भी खतरनाक हो जाती हैं, क्योंकि न तो गड्ढे को समतल किया गया है और न ही कोई चेतावनी संकेत लगाए गए हैं। स्थानीय वार्डवासियों का कहना है कि नल-जल योजना एक सराहनीय पहल है, जिससे घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंच सके, लेकिन योजना के नाम पर सड़क को तोड़कर उसे अधूरा छोड़ देना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। इससे न सिर्फ नागरिकों को असुविधा हो रही है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। कई लोग फिसलकर गिर चुके हैं और बरसात के मौसम में गड्ढे में पानी भर जाने से स्थिति और गंभीर हो सकती है।



वार्डवासियों ने इस समस्या को लेकर नगर पंचायत कार्यालय में कई बार आवेदन और मौखिक शिकायतें की हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों का स्पष्ट कहना है कि जब सड़क को तोड़ने की अनुमति दी गई थी, तब शेष पेज 10 पर

## सड़क किनारे से सूखा पेड़ का हटाया गया

**कांकेर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर गोविन्दपुर ढलान में स्थित एक आम का पेड़ आधा सूख चुका था और सड़क की ओर पूरी तरह झुक गया था। किसी भी समय इसके टूटकर गिरने से जन-धन की बड़ी हानि होने की आशंका बनी हुई थी। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए नाथियानवागांव निवासी प्रभुराम ने वन विभाग एवं एसडीएम को आवेदन दिया। अंततः तीन माह बाद शासकीय प्रकिया का पालन करने के उपरांत वन विभाग के अमले की उपस्थिति में पेड़ को काटा गया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।



## कोरेनार छोटेबेठिया में धान उठाव सुस्त, बढ़ी केंद्र प्रभारियों की चिंता



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पखांजुर

परलकोट क्षेत्र में इन दिनों धान खरीदी अपने चरम पर है, लेकिन खरीदी केंद्रों से धान का उठाव न होने के कारण स्थिति गंभीर होती जा रही है। धान का उठाव नहीं होने से खरीदी केंद्र प्रभारियों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि अधिकांश केंद्रों में धान रखने की निर्धारित सीमा समाप्त हो चुकी है। परलकोट के खरीदी केंद्रों में बोरे के ऊंचे-ऊंचे पहाड़ खड़े नजर आ रहे हैं और केंद्र प्रभारी अब केवल जल्द परिवहन शुरू होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

परलकोट के दर्जनों धान खरीदी केंद्रों में वर्तमान में धान रखने की भी जगह नहीं बची है। प्रभारियों का कहना है कि धान की आवक लगातार जारी है, लेकिन प्रशासन द्वारा उठाव प्रारंभ नहीं करने से हजारों क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे पड़ा है। कई केंद्रों में स्थिति यह है कि अब नया धान लेने के लिए जगह नहीं बची है, जिससे खरीदी कार्य प्रभावित होने की आशंका है। केंद्र प्रभारियों के लिए सबसे बड़ी समस्या धान में होने वाली सूखत है। धूप और खुले मौसम के कारण धान का वजन कम हो जाता है। यदि समय पर उठाव नहीं हुआ, तो सूखत के कारण होने वाले घाटे की भरपाई प्रभारियों को स्वयं करनी पड़ती है। एक केंद्र प्रभारी ने बताया कि लिमिट से ज्यादा धान जमा हो चुका है। यदि जल्द ही उठाव नहीं हुआ, तो वजन में कमी आएगी और सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हमारे सिर पर है। हमने विभाग से बार-बार गुहार लगाई है, लेकिन परिवहन की रफ्तार निराशाजनक है। क्षेत्र के प्रभारियों और किसान संगठनों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि डिलीवरी ऑर्डर जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए और पर्याप्त संख्या में ट्रकों की व्यवस्था की जाए। यदि जल्द ही धान का उठाव शुरू नहीं हुआ, तो केंद्रों में अफरा-तफरी की स्थिति बन सकती है और किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

## मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर त्वरित समाधान की मांग की

# गलत गिरदावरी बनी किसानों की मुसीबत धान बिक्री से वंचित हैं लोहतर के किसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत लोहतर के किसान इन दिनों धान बिक्री से वंचित होने के कारण आक्रोश में हैं। धान फसल की गिरदावरी में हुई गंभीर त्रुटियों के चलते किसानों को न केवल आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, बल्कि शासन की खरीदी व्यवस्था से भी बाहर कर दिया गया है। इसी समस्या को लेकर लोहतर की सरपंच बसंती भालेश्वर के नेतृत्व में किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए त्वरित समाधान की मांग की है। किसानों ने बताया कि लोहतर लैम्प्स क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले किसानों की इस वर्ष की फसल गिरदावरी निजी सर्वेयर के माध्यम से कराई गई, जिसमें अनेक गंभीर त्रुटियां पाई गई हैं। इन गलतियों के कारण बड़ी संख्या में किसान धान खरीदी प्रक्रिया से वंचित हो रहे हैं। कई खसरा नंबरों में रकबा शून्य दर्शाया गया है, जबकि वास्तविकता में उन खेतों में इस वर्ष धान की फसल बोई गई है और पिछले वर्ष भी उन्हीं खेतों से धान की बिक्री की जा चुकी है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि गिरदावरी में कई स्थानों पर सामान्य धान की फसल को बासमती श्रेणी में दर्ज कर दिया गया है, जबकि किसानों द्वारा बासमती धान की खेती नहीं की गई है। इस प्रकार की गलत प्रविष्टियों के चलते किसानों को धान विक्रय के लिए अपात्र घोषित किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि निजी सर्वेयर की लापरवाही का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। भूईया प्रणाली में इन त्रुटियों के सुधार के लिए आवश्यक आईडी या विकल्प उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। बिना आईडी के सुधार संभव नहीं होने के कारण किसान धान बेचने में असमर्थ हैं। किसानों ने शासन से मांग की है कि तत्काल संशोधन कर भूईया प्रणाली में सुधार का विकल्प उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसानों को उनका हक मिल सके।



### तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

तहसीलदार को ज्ञापन सौंपने वालों में जगोतीन, वासुदेव, गोपीराम, सगनू राम, फत्तेसिंह, अमित कुमार, श्रवण कुमार, फरसू राम, छब्बीलाल, नवलू राम, रतनू राम, हजारीराम, बारसाय कदम, नवली बाई सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मुजगहन में 30 को मड़ई

**धमतरी।** ग्राम मुजगहन में 30 दिसम्बर को परंपरागत रूप से मड़ई महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर दिनभर सांस्कृतिक गतिविधियां संपन्न होंगी। शाम को सांस्कृतिक दल राग अनुराग कला मंच दुर्ग की प्रस्तुति होगी।

### बिरेझर में जयंती मड़ई आज

**जीजामगांव।** ग्राम बिरेझर में इस वर्ष भी सतनामी समाज के तत्वावधान में संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 269 वीं जयंती पर 30 दिसंबर मंगलवार को मड़ई का आयोजन होगा। रात्रि में मनोरंजन के लिए अंजोरी रात पंचराम बिरझा का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी सतनामी समाज के अध्यक्ष बुधारू गहिवारे ने दी है।

### 6 को जवरगांव मड़ई

**धमतरी।** ग्राम जवरगांव में ग्रामवासियों के सहयोग से 6 जनवरी मंगलवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए साल्हेटोला का नाचा प्रोग्राम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष सुनील नेताम, सरपंच लीलाराम साहू, दूजराम साहू ने दी।

### कोर्रा में मड़ई 16 को

**बगदेही।** ग्राम पंचायत कोर्रा में मड़ई मेला का आयोजन 16 जनवरी शुक्रवार को किया गया है। आकाश झूला, मीना बाजार आकर्षण के प्रमुख केंद्र रहेंगे। रात्रि में कसावाही का नाचा कार्यक्रम होगा। यह जानकारी सरपंच सरपंच यमुना कामड़े ने दी।

### अटल स्मृति दिवस आज

**नगरी।** सिहावा विधानसभा क्षेत्र में अटल स्मृति दिवस का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 30 दिसंबर को दोपहर 1 बजे गांधी चौक सांकरा में होगा। मुख्य वक्ता पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, विधानसभा प्रभारी शालिनी राजपूत, सरला जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस होंगे। कार्यक्रम में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण किया जाएगा तथा उनके विचारों और आदर्शों पर प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में कमल डागा संयोजक, बलजीत छाबड़ा, संजय मरकाम, रोहित मोहन साहू अध्यक्ष, दीपक साहू, मोनू साहू जुटे हैं।

### जिले के 300 अनियमित कर्मचारी आंदोलन में होंगे शामिल

धमतरी। छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ जिला इकाई धमतरी ने प्रदेश स्तरीय आंदोलन को समर्थन देने की घोषणा की है। जिला अध्यक्ष बृजेश कुमार साहू ने बताया कि 29 से 31 दिसंबर तक जिले के लगभग 300 अनियमित कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेकर धरना-प्रदर्शन में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को सौंपे गए ज्ञापन में 11 सूत्रीय मांगों के तहत कार्यभारित, दैनिक वेतनभोगी एवं संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग प्रमुख है। प्रदेश अध्यक्ष रवि गढ़पाले व प्रदेश महामंत्री विकास तिवारी के निर्देशानुसार प्रदेश के लगभग 2.80 लाख अनियमित कर्मचारी आंदोलन में भाग लेंगे।

# धान खरीदी और सम्मान निधि से आयती बाई को मिली आर्थिक मजबूती

## समर्थन मूल्य पर धान विक्रय से चुकाया कर्ज, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से खेती को मिला संबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- शासन की योजनाओं से किसानों का बढ़ रहा आत्मविश्वास

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी और किसान हितैषी योजनाओं से किसानों को आर्थिक मजबूती मिल रही है। ग्राम मसौरा की कृषक आयती बाई यादव इसके जीवंत उदाहरण हैं, जिन्हें धान विक्रय और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से सीधा लाभ मिला है। आयती बाई यादव ने मसौरा उपार्जन केंद्र में अपनी 4 एकड़ भूमि की उपज से 50 क्विंटल धान का विक्रय किया। धान विक्रय से प्राप्त राशि से उन्होंने पूर्व में लिए गए ऋण का भुगतान किया, जिससे उनका आर्थिक बोझ कम हुआ और परिवार को राहत मिली।

### आगे की खेती की तैयारी

कर्ज चुकाने के बाद बची राशि का उपयोग आयती बाई अब मक्का फसल की खेती की तैयारी में कर रही हैं। इससे उनकी आय के नए स्रोत भी तैयार हो रहे हैं और वे आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत आयती बाई को वर्ष में तीन किस्तों में कुल 6,000 रुपये की सहायता मिल रही है। यह राशि खेती की छोटी–छोटी जरूरतों को पूरा करने और दैनिक जीवन–यापन में सहायक सिद्ध हो रही है।



### किसान कल्याण योजनाओं से बदली तस्वीर

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, किसान सम्मान निधि, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और फसल बीमा जैसी योजनाओं से किसानों को बड़ी राहत मिल रही है। इन योजनाओं से किसान न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं, बल्कि आधुनिक और बेहतर खेती की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल कोंडागांव चौपाटी पर हुई शुरू

# मांगों को लेकर अधिकारी-कर्मचारियों की हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- प्रदेशस्तर पर पहले ही दिन लगभग 4 .30 लाख कर्मचारी, अधिकारी उतरे मैदान में, दफ्तरों में लगा ताला
- अब नहीं झुकेंगे कर्मचारी, आर पार की लड़ाई का ऐलान

छत्तीसगढ़ कर्मचारी, अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर आज से तृतीय चरण की तीन दिन की निश्चित कालीन हड़ताल पूरे प्रदेश के साथ साथ कोंडागांव में जोरदार तरीके से शुरू हो गई। हड़ताल के पहले ही दिन प्रदेशभर में लगभग 4 लाख 30 हजार कर्मचारी एवं अधिकारी कामकाज छोड़कर आंदोलन में शामिल हुए, जिससे शासकीय कार्यालयों की कार्यप्रणाली पूरी तरह ठप हो गई।

कोंडा गांव में चौपाटी पर हुआ धरना, प्रदर्शन में कर्मचारियों का गुस्सा साफ नजर आया। मंच से वक्ताओं ने दो टूक कहा कि अब केवल आश्वासन नहीं, आदेश चाहिए। अगर सरकार ने अनदेखी की, तो आंदोलन और उग्र होगा। नेतृत्व ने संभाली कमान, मंच पर दिखी मजबूत एकजुटता धरना प्रदर्शन में कर्मचारियों की अगुवाई करते हुए शिवराज सिंह ठाकुर जिला संयोजक, निर्मल शार्दुल जिला सहसंयोजक सहित कर्मचारी नेताओं ने संबोधित किया। और आंदोलन को निर्णायक मोड़ तक ले जाने का संकल्प दिलाया।





### प्रमुख सेवाएं प्रभावित, आमजन को हुई परेशानी

हड़ताल का असर शिक्षा, राजस्व, पंचायत, नगरीय निकाय सहित कई विभागों में देखने को मिला। कई कार्यालयों में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा, जिससे आम नागरिकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### नेताओं का ऐलान : यह सिर्फ शुरुआत है

कर्मचारी नेताओं ने स्पष्ट कहा कि यह आंदोलन का केवल पहला दिन है। यदि सरकार ने शीघ्र मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। प्रदेश स्तरीय बड़ा कार्यक्रम आयोजित होगा। जरूरत पड़ी तो अनिश्चितकालीन हड़ताल से भी पीछे नहीं हटेंगे।

### हड़ताली अब नहीं हटेंगे पीछे

तृतीय चरण की हड़ताल ने साफ कर दिया है कि छत्तीसगढ़ का कर्मचारी वर्ग अब पीछे हटने वाला नहीं है। अगर ग्यारह सूत्रीय मांगें पूरी नहीं हुई तो सरकार और कर्मचारियों के बीच टकराव की यह लड़ाई आने वाले दिनों में और तेज होने की पूरी आशंका है।

### इन प्रमुख पदाधिकारियों व कर्मचारियों की रही मौजूदगी

कार्यक्रम में डॉ. सुरेंद्र नाग, संजय ठाकुर, कमल साय मरकाम, चमन वर्मा, यशवंत देवांगन, हीरा नेताम, सतीश सोढ़ी, राजकुमार मांडवी, ललित कोराम, चंदन सेठिया, अर्चना बनर्जी, रेणुका नेताम, पूजा कुंवर, अजय श्रीवास्तव, पन्नालाल पांडे, विष्णु राम मरकाम, वीरेंद्र बघेल, अमरजीत निर्मलकर, जमील खान, नरेंद्र नायक, जयंत मजूमदार, भूतेष साहू, शैलेंद्र मिश्रा, राजू नायर, मुकेश सैमसंग, दीपेंद्र राय, सुजीत शील सहित हजारों की संख्या में कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# नाबालिग को तमिलनाडु ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

## साइबर सेल की मदद से पुलिस ने पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- मर्दापाल पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो माह बाद अपहृता सकुशल बरामद

थाना मर्दापाल पुलिस ने नाबालिग को बहला–फुसलाकर अपहरण कर तमिलनाडु ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को तमिलनाडु से पकड़कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। 14 अक्टूबर को प्रार्थी द्वारा थाना मर्दापाल में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी 16 वर्ष 2 माह की नाबालिग बहन को अज्ञात व्यक्ति बहला–फुसलाकर ले गया है। इस पर गुम इंसान क्रमांक 10/2025 एवं अपराध क्रमांक 23/2025 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर संदेही निलन कोर्राम का लोकेशन तमिलनाडु के मीकानैकेनपट्टी–एम कलाथुर रोड क्षेत्र में मिला। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर नाबालिग को दस्तयाब किया। पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने शादी का प्रलोभन देकर उसे भगाया और उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाए।

### आरोपी गिरफ्तार, पॉक्सो न्यायालय में पेश

मर्दापाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 29 दिसंबर को माननीय अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी पॉक्सो न्यायालय कोंडागांव में पेश किया। इस कार्रवाई में निरीक्षक राजकुमार सोरी, सउनि नरेश कुमार साहू, प्रधान आरक्षक संतराम नायक, महिला प्रधान आरक्षक सुनिता उईके, आरक्षक समीर नेताम एवं तोषण कश्यप का विशेष योगदान रहा। मर्दापाल पुलिस की तत्परता और तकनीकी जांच से नाबालिग को सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाया जा सका, जिससे क्षेत्र में कानून–व्यवस्था के प्रति विश्वास मजबूत हुआ।

# भाजयुमो ने फूंका भूपेश-सिंहदेव का पुतला

- कांग्रेस नेताओं ने साधु–संतों और सनातन संस्कृति पर की थी टिप्पणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



साधु-संतों और सनातन संस्कृति पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने सोमवार को गांधी मैदान में बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं भूपेश बघेल एवं टीएस सिंहदेव के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर आक्रोश जताया। प्रदर्शन में भाजयुमो के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व बार-बार धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं को आहत करने वाले बयान देकर समाज में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष कैलाश सोनकर ने कहा कि सनातन संस्कृति देश की पहचान और आत्मा है, जिसके संरक्षण में साधु-संतों की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं की टिप्पणी करोड़ों लोगों की आस्था पर चोट है और इसके लिए उन्हें सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। माफी नहीं मांगने की स्थिति में भाजयुमो प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ेगी। प्रदेश उपाध्यक्ष शुभम जायसवाल ने कहा कि युवाओं को गुमराह करने के उद्देश्य से सनातन परंपराओं को निशाना बनाया जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजयुमो का हर कार्यकर्ता संस्कृति और परंपरा की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। महामंत्री जय हिंदूजा ने कहा कि सनातन संस्कृति किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता को जोड़ने वाली विचारधारा है। इसका अपमान समाज को विभाजित करने वाला है और इसके खिलाफ जनआंदोलन आवश्यक है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेताओं के पोस्टर व पुतले जलाकर विरोध दर्ज कराया। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। मौके पर राहुल चोपड़ा, निशा वैष्णव प्रदेश कन्याशक्ति सहसंयोजिका, अविनाश दुबे सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सुभाष चंद्राकर, धर्मवीर साहू, सुभाष यादव, मनीष साहू, भूषण सिन्हा, युवराज मरकाम, गजेंद्र जांगड़े, जितेश सिन्हा, खिलेश सिन्हा, आदित्य भोंसले, राम सोनी, अतुल साहू, रिंकू यादव, मिथिलेश सिंह, आयुष दीवान, राजीव चंद्राकर, भागवत साहू, इंद्रेश देवांगन, गोपाल साहू, अतुल, देवेंद्र ध्रुवंशी, वीरेंद्र साहू, परमेश्वर यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नए साल के स्वागत में गंगरेल पर्यटन में मनेगा जश्न

## बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के सारे कॉटेज हुए बुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

न्यू ईयर पर सेलिब्रेशन पार्टी की धूम गंगरेल पर्यटन में मचेगी। सन 2026 का स्वागत और 2025 की विदाई के लिए बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के सारे कॉटेज बुक हो चुके हैं। वहीं टेंटहाउस की बुकिंग जारी है। नए साल के जश्न में अंतर्राज्यीय कपल के साथ प्रदेश के विभिन्न शहरों से युगल बुकिंग करा रहे हैं। सेलिब्रेशन पार्टी में सिंगल पर्सन की नो एंट्री है। बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट गंगरेल के मैनेजर सुमंत सिंग ने बताया कि न्यू ईयर 2026 सेलिब्रेशन पार्टी की तैयारी रिसोर्ट में जोर-शोर से की जा रही है। रिसोर्ट को लाइट डेकोरेशन के साथ सजाया जा रहा है। रिसोर्ट में वुडन काटेज उपलब्ध नहीं है। टेंट हाउस की बुकिंग अंतिम दौर पर है। टेंट में नाइट ठहरने और पार्टी सेलिब्रेशन का चार्ज 14999 रुपये है। वाल्किंग कपल के लिए पार्टी सेलिब्रेशन का चार्ज 4999 रूपये रखा गया है। न्यू ईयर सेलिब्रेशन पार्टी में सिर्फ फैमिली एलाउड है। सिंगल पर्सन को एलाउड नहीं किया जाएगा।



### थर्टी फर्स्ट पार्टी अट्रैक्शन

न्यू सेलिब्रेशन पार्टी में विविध आकर्षक कार्यक्रम होंगे। मैनेजर सुमंत सिंग ने बताया कि पार्टी का जश्न रात 8 बजे बुधवार को शुरु होगा जिसमें चकाचौंध कर देने वाली आतिशबाजी, बालीवुड डीजे नाइट, गाना सुनते-सुनते स्वादिस्ट लज़ीज भोजन का आनंद, लकी ड्रा एवं गिव वे, बोन फायर एंड गेम्स के अलावा किट जोन की व्यवस्था रहेगी।

### होटल-ढाबों में न्यू ईयर का दौर समाप्त

कोरोनाकाल से पहले शहर तथा आसपास के होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों में न्यू ईयर पार्टी का आयोजन किया जाता था। अब इन स्थानों में नए साल का जश्न वाला दौर खत्म हो गया है। साहेब स्वादी शहंशाह के संचालक अरूण साहेब बताते हैं कि नए साल में उनके रेस्टोरेंट में कोई विशेष कार्यक्रम नहीं है। ज्योतिकुंज ढाबा के संचालक ने कहा कि थर्टी फर्स्ट सेलिब्रेशन को लेकर कोई खास आयोजन नहीं किया जा रहा है। नये साल में स्थानीय रेस्टोरेंट, ढाबों में जश्न, पार्टी का समय नहीं रहा। अब लोग पर्यटन स्थलों की ओर रूख करते हैं।

### धार्मिक स्थल एवं हिल स्टेशनों में जाने की तैयारी

शहर से कई परिवार धार्मिक स्थलों एवं पहाड़ी क्षेत्र के टूर के लिए प्रोग्राम बना चुके हैं। हाउसिंग बोर्ड हटकेशर निवासी सिन्हा दंपति ने नए साल पर बालाजी के दर्शन के लिए आंध्रप्रदेश जाने की तैयारी कर ली है। सोमवार को वे रवाना हो जाएंगे। सोरिद निवासी अमित कुमार अपने परिवार के साथ हिल स्टेशन उटी के लिए रवाना हो रहे हैं। इसी तरह शहर से कई परिवार ने नए साल पर विभिन्न पर्यटन स्थलों के लिए प्रोग्राम बना लिया है।

## ग्राम नगरी में योजना के क्रियान्वयन का किया स्थलीय निरीक्षण

# मिशन संचालक ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

मिशन संचालक जितेन्द्र शुक्ला ने रविवार को विश्रामगृह में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों की प्रगति, विद्युत कनेक्शन की स्थिति तथा तकनीकी पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। मिशन संचालक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। बैठक के पश्चात मिशन संचालक श्री शुक्ला ने कोंडागांव जिले के ग्राम पंचायत नगरी का दौरा कर जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए गए कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टंकी आधारित नल जल प्रदाय योजना, हर घर नल कनेक्शन, पाइपलाइन नेटवर्क तथा अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्राम पंचायत नगरी के सरपंच विक्रम बघेल एवं हितग्राहियों से सीधी चर्चा कर योजना से मिल रहे लाभों की जानकारी ली। ग्रामीणों को योजना के अंतर्गत 158 घरेलू नल कनेक्शनों के संचालन एवं संधारण की जानकारी दी गई, जिससे स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति लंबे समय तक बनी रहे।



### क्लोरीनेटर मशीन की दी जानकारी

*इस अवसर पर योजना में उपयोग की जा रही क्लोरीनेटर मशीन की तकनीकी जानकारी एवं उससे जल शुद्धिकरण में होने वाले लाभों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता जी.एल. लखेरा, कार्यपालन अभियंता कांकेर बी.एन. भोयर, कार्यपालन अभियंता वीरेन्द्र पाण्डेय, सहायक अभियंता सी.एस. सोनवानी, उप अभियंता अजय कुमार टोप्पो सहित विभागीय अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।*

## पेज 09 के शेष...

### अधिकारी-कर्मचारियों की...

बनवाना था तो किसी को आय प्रमाण पत्र, वहीं कई बुजुर्ग पेंशन से जुड़े काम के लिए परेशान होते दिखे। नगर पालिका और राजस्व कार्यालयों में भी कामकाज प्रभावित हुआ है।

### सिहारी में 7...

एवं ग्रामवासियों से उद्घाटन कार्यक्रम एवं शिविर गतिविधियों में अधिक से अधिक सहभागिता करने का सादर आग्रह किया गया है।

### बिलासपुर युवा महोत्सव...

राउत नाचा टीम में योगेश्वर यादव, छमेश यादव, भूपेंद्र कुंजाम, मुकेश नेताम, सौरभ कुंजाम, टिकेश्वर यादव, मोतीलाल यादव, हरीश यादव, सौनक यादव, योगेश यादव, अनिल यादव, शैलेन्द्र यादव तथा बिमलेश कुमार यादव शामिल रहे।

### आरक्षण और पेसा...

के निर्णय का समाज ने स्वागत किया है। किंतु साथ ही यह भी आग्रह किया है कि कानून लागू करने से पूर्व पिछड़ा वर्ग समाज को विश्वास में लिया जाए और अन्य पिछड़ा वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। समाज को आशंका है कि जिन ग्राम पंचायतों में उनकी जनसंख्या कम है,

वहां उनकी आवाज को अनसुना कर मनमानी की जा सकती है। पहले से ही कई पंचायतों में ऐसी स्थितियां देखी जा चुकी हैं, जिससे समाज खुद को हाशिये पर महसूस कर रहा है।

अंत में सर्व पिछड़ा वर्ग समाज ने सरकार से अपील की है कि इन दोनों मांगों पर संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ शीघ्र समाधान निकाला जाए। अन्यथा समाज को मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह शासन-प्रशासन की होगी।

### नल जल योजना...

उसकी मरम्मत का प्रावधान भी होना चाहिए था। अधूरा कार्य न केवल सरकारी धन की बर्बादी है, बल्कि आम जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ भी है।

वार्डवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन से मांग किया है कि जल्द से जल्द गड्ढे को भरकर सड़क की मरम्मत कराई जाए।

### संकुल स्तरीय खेल...

के सैकड़ों स्कूली बच्चे कबड्डी, खो-खो, आलू दौड़, लम्बी कूद, ऊँचीकूद, रिलेरेस व व्हालीबाल जैसे खेल विधाओं में प्रदर्शन करेंगे।

## खबर संक्षेप



### जम्मू में अर्जुन को मिला नेशनल यूथ एक्सीलेंट अवार्ड

**धमतरी।** विकासखंड धमतरी के अर्जुन सिंह को वर्ष 2025 का नेशनल यूथ एक्सीलेंट अवार्ड प्रदान किया गया। यह सम्मान जम्मू यूनिवर्सिटी में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में देशभर के श्रेष्ठ सामाजिक कार्यकर्ताओं को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। अवार्ड जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद एवं लिव फॉर अदर हेल्पफुल फाउंडेशन के नेशनल डायरेक्टर विवेक परिहार द्वारा प्रदान किया गया। अर्जुन सिंह समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय एक जाना-पहचाना नाम हैं। उन्होंने वर्ष 2023 में एमएसडब्ल्यू की पढ़ाई पूरी की और सामाजिक कार्य को ही अपना लक्ष्य बनाया। वे जतन फाउंडेशन के संस्थापक हैं, जिसे माई भारत, यूनिसेफ और नेहरू युवा केंद्र द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। अर्जुन वर्तमान में नशा मुक्ति, महावारी स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे विषयों पर कार्य कर रहे हैं।

### ब्लॉक मुख्यालयों में सरकार के खिलाफ बोलेंगे हल्ला

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फाउंडेशन के प्रांतीय निर्णय अनुसार प्रदेश के कर्मचारिय एवं अधिकारियों ने 11 सूत्री मांगों को लेकर 29, 30 और 31 दिसंबर तक हड़ताल का ऐलान किया है। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक चंदूलाल चंद्राकर का कहना है कि कर्मचारियों से जुड़े प्रमुख वादों विशेषकर मोदी की गारंटी की तहत किए गए घोषणाओं, आश्वासनों को लागू करने में राज्य सरकार उदासीन रवैया अपना आ रही है। जिससे कर्मचारियों को भारी आक्रोश है। फेडरेशन की महासचिव अमित महोबे, एनआर टंडन, खुमान सिंग ठाकुर, संतोष दीवान, दयालुराम साहू, टीआर नागवंशी, राजकुमार सिन्हा ने बताया कि मांगों को लेकर कई बार सरकार को ज्ञापन सौंपकर उनकी घोषणा को याद दिलाया जा चुका है।

### मृत के परिजनों को मिली 2 हजार रुपए की मदद



**बकावण्ड।** ब्लाक बकावण्ड के ग्राम पंचायत कोसमी के गुड़ापारा वार्ड नंबर 4 की सोमारी बाई के निधन पर श्रद्धांजलि देकर 2000 की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। ग्राम पंचायत की ओर से यह पहल उनके परिवार के लिए मदद हुई। सोमारी बाई की आत्मा को शांति के लिए मौन रखा गया। जिसमें सरपंच नीलम कुमार कश्यप, अनंतराम चालकी, सतनारायण, धर्म सिंह, बुरंदू, बुचंद बसम सीताराम एवं अन्य मौजूद रहे।

# मोदी की गारंटी लागू करो, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

शीतकालीन छुट्टियों के समाप्ति के ठीक पहले दिन से एक बार फिर तृतीय चरण जिला स्तरीय कलम बंद काम बंद हड़ताल पर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन चले गए हैं। अपने ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर विभिन्न विभागों के 121 संगठनों ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले डीए, वेतन विसंगति कैशलेस उपचार सुविधा सहित अपने 11 सूत्रीय लंबित मांगों के समाधान गोदी की गारंटी लागू करो कहते हुए हड़ताल पर चले गए है। अपने आला प्रदेश स्तरीय संगठन प्रमुखों के निर्देश पर ब्लॉक इकाई कोंटा आज से कोंटा बस स्टैंड परिसर में हड़ताल पर बैठ गए हैं ।

- कलम बंद काम बंद हड़ताल, 11 सूत्रीय मांगों को लेकर ब्लॉक मुख्यालय में धरना

जिसके चलते कई विभागों के प्रशासनिक कार्यों एवंम शैक्षणिक व्यवस्था इसका असर दिख रहा है। फेडरेशन ने शासन द्वारा कर्मचारियों से किए गए वादों की अनदेखी के विरोध में यह संधर्भ अब निर्णायक चरण में पहुँच चुका कहते हुए। सभी कर्मचारी अधिकारियों ने एकजुटता दिखाते हुए बस स्टैंड परिसर के सामने फिल्मी गीतों के माध्यम से ध्यानाकर्षण कराते हुए अपने बातों व मांगों को रखा। संपूर्ण छत्तीसगढ़ के 121 कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने अपने ग्यारह सूत्रीय मांगों में केंद्र सरकार के समान कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देव तिथि से महंगाई भता डीए लागू किए जाने। डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित किए जाने।




सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिए जाने। लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने। प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए संपूर्ण सेवा लाभ दिए जाने। पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किए जाने। सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान दिए जाने। नगरीय निकाय के कर्मचारियों की नियमित मासिक वेतन एवं समयबद्ध पदोन्नति दिए जाने। अनुकंपा नियुक्ति नियमों में 10 प्रतिशत सीलिंग में शिथलीकरण शिकिरण किए जाने। प्रदेश में कैशलेश सुविधा लागू किए जाने। अर्जित अवकाश नगदीकरण तीन सौ दिवस किए जाने।

दैनिक, अनियमित संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की ठोस नीति बनाने तथा सभी विभागों में समानता लाते हुए सेवानिवृत आयु 65 वर्ष किए जाने की प्रमुख मांगो को लेकर फेडरेशन 29 दिसंबर से 31 दिसंबर तक निश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं।

## अव्यवस्थाओं पर भड़के विधायक

# ज्ञान ज्योति प्राथमिक शाला बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा/भोंड

बस्तर विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोलचूर पुजारीपारा स्थित ज्ञान ज्योति प्राथमिक शाला इन दिनों गंभीर अव्यवस्थाओं और जर्जर हालात से जूझ रही है। वर्ष 4 जुलाई 2008 में स्थापित यह विद्यालय आज बुनियादी सुविधाओं के अभाव में बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करता नजर आ रहा है। विद्यालय में न तो पक्का भवन है न पेयजल की व्यवस्था न ही बालक–बालिका के लिए पृथक शौचालय। जिससे अभिभावकों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

- विद्यालय में वर्तमान में 38 छात्र–छात्राएं अध्ययनरत











बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने हाल ही में विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान सामने आई अव्यवस्थाओं को देखकर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने पाया कि विद्यालय में बालक एवं बालिका के लिए एक ही शौचालय का उपयोग कराया जा रहा है, जो अत्यंत असुरक्षित एवं अस्वस्थ परिस्थितियों को दर्शाता है साथ ही शौचालय स्वयं जर्जर स्थिति में है। विद्यालय के पास स्वयं का भवन नहीं होने के कारण पिछले दो वर्षों से स्कूल पास के सामुदायिक भवन में संचालित हो रहा है। यह सामुदायिक भवन भी पूरी तरह जर्जर है। जहां बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता है और दीवारों में भारी रिसाव रहता है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

विद्यालय में वर्तमान में 38 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं किंतु अव्यवस्थाओं के कारण लगातार बच्चों के नाम कट रहे हैं और पालकगण अपने बच्चों को अन्य विद्यालयों में दाखिला दिलाने को मजबूर हो रहे हैं। विद्यालय में न भवन है, न पीने का पानी, न शौचालय, न बाउंड्री वॉल, न भोजन कक्ष। ऐसे हालात में बच्चों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उम्मीद करना बेमानी प्रतीत होता है।

ग्राम सरपंच रैमति कश्यप ने बताया कि गर्मी की छुट्टी के दौरान विद्यालय मरम्मत एवं आवश्यक सुविधाओं की मांग को लेकर संबंधित विभाग को पत्र सौंपा गया था किंतु आज तक केवल आश्वासन ही मिला कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे ग्रामीणों और पालकों में रोष बढ़ता जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान विधायक लखेश्वर बघेल ने शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को तलब करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही विद्यालय की व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो वे स्कूली बच्चों, पालकगणों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ धरना-प्रदर्शन एवं आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

ग्रामीणों एवं पालकों की मांग है कि ज्ञान ज्योति प्राथमिक शाला को तत्काल नया स्कूल भवन, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, पृथक शौचालय, बाउंड्री वॉल एवं भोजन कक्ष उपलब्ध कराया जाए ताकि बच्चों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण में शिक्षा मिल सके।

# बालगृह के दो बालकों को मिला राज्यस्तरीय सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

बालगृह बालक प्रतिज्ञा विकास संस्थान में निवासरत दो बालक बालक हरेंद्र नुरेटी और भावेश पटेल को वीर बाल दिवस पर रायपुर में राज्यस्तरीय सम्मान मिला है। बाल गृह में दोनों के कार्यों की सराहना की गई। बाल गृह में सभी बालकों को प्रधानमंत्री का संबोधन दिखाया गया। संस्था में बच्चों के लिए स्लोगन राइटिंग कंपिटिशन, ग्रुप डिस्कशन, पियर लर्निंग सर्कल तथा भाषण, पेंटिंग, पोस्टर, क्रिएटिव राइटिंग तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता रखी गई। प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर बाल गृह के संचालक विजय मिश्रा, अधीक्षक अभिषेक साहू, लोकेश सिंह ठाकुर, धनंजय साहू, धनेश्वर तिर्की उपस्थित थे।

# दोनर में आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण

**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू ने ग्राम दोनर में नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र गांव के नन्हे बच्चों के पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और सर्वांगीण विकास की आधारशिला होते हैं। नए भवन के निर्माण से बच्चों को अब सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधायुक्त वातावरण मिलेगा, जिससे उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और शिक्षित बचपन ही सशक्त समाज और मजबूत राष्ट्र की नींव है। विधायक श्री साहू ने बताया कि इस आंगनबाड़ी भवन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों को पोषण आहार, स्वास्थ्य सेवाएं एवं शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों का बेहतर लाभ मिलेगा।

# विधायक ने कार्यकर्ताओं को दिया एकजुटता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

विधायक लखेश्वर बघेल का बस्तर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलचूर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पारंपरिक सम्मान के साथ स्वागत किया। विधायक ने उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 141वें स्थापना दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत कोलचूर में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया।



जिसमें बस्तर ब्लॉक के बूथ, सेक्टर, मंडल के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के साथ ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर विधायक लखेश्वर बघेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 28 दिसंबर 1885 को स्थापित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने देश के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया और राष्ट्र निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। आज भी कांग्रेस लोकतंत्र, संविधान और आम जनता के हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ताकत उसके देवतुल्य कार्यकर्ता हैं और आगामी चुनावों को देखते हुए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी की रीति-नीति तथा कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करना होगा।

ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और मौलाना अबुल कलाम आज़ाद जैसे महान नेताओं की विचारधारा से प्रेरित होकर कांग्रेस आज भी लोकतंत्र, समानता, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के मूल्यों की मजबूती से रक्षा कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और जनता के सुख-दुख में सहभागी बनने का आह्वान किया। बैठक में आगामी चुनावी रणनीति, संगठन विस्तार और सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित कांग्रेसजनों ने एक मजबूत, धर्मनिरपेक्ष, समावेशी एवं समृद्ध भारत के निर्माण के संकल्प के साथ कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष प्रेम शंकर शुक्ला, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गणेश राम बघेल, मानसिंह कवासी, हेमराज बघेल, रियाज खान, रामया राम मौर्य, हेमंत कश्यप, रुद्र प्रताप यादव, हीरा सिंह पटेल, हरिराम कश्यप, कृपालु कश्यप, बबलू कश्यप, क्षेत्र के वरिष्ठ काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ढाई साल से एक शिक्षक के भरोसे सालेगुड़ा प्राथमिक शाला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बकावण्ड विकासखंड के संकुल केन्द्र सोनपुर के अंतर्गत ग्राम सालेगुड़ा का प्राथमिक शाला पिछले ढाई साल से एक शिक्षक के भरोसे चल रहा है।

प्रधान अध्यापक धनुर्जय बघेल 4 मई 2023 से यहां पदस्थ है। दो कमरे में पहली से पाचवीं तक 5 कक्षा के 27 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। हरिभूमि ने विद्यालय में पहुंचकर जायजा लिया। बताया गया कि स्कूल का सभी कार्य प्रधान अध्यापक के भरोसे है।

एकल शिक्षकीय शाला में ग्रामीणों ने बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की बात कही। कहा गया कि क्षेत्र के शिक्षक होने के कारण परेशानी नहीं होती है। कम से कम 2 शिक्षक शाला में होना चाहिए। प्रधान अध्यापक ने कहा कि एक और शिक्षक होने से शाला में पढ़ाई नियमित रूप से ठीक से हो सकेगी। कभी-कभी अन्य काम के लिए ब्लाक मुख्यालय जाना पड़ता है, ऐसे में दिक्कत होती है। बच्चों ने भी बताया कि एक कमरा का छत ठीक नहीं है, इसलिए 2 कमरें में सभी विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं। मरम्मत की स्थिति है। यहां पीने की पानी की व्यवस्था ठीक है।

## मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन जनकल्याण के कार्यों में सदैव अग्रणी

# जरूरतमंद नागरिकों को कंबल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक किरंदुल द्वारा समाज कल्याण की दिशा में एक अनुकरणीय और प्रेरणादायी पहल की। यूनियन के अध्यक्ष विनोद कश्यप एवं सचिव एके सिंह के कुशल नेतृत्व मार्गदर्शन और सामाजिक दायित्व के संकल्प के तहत जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस सराहनीय परोपकारी एवं जनकल्याणकारी कार्य के लिए नगरवासियों द्वारा इंटक यूनियन की भूरिभूरि प्रशंसा की जा रही है।



कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के वृद्ध, असहाय एवं जरूरतमंद नागरिकों को कड़कती ठंड से राहत प्रदान करने हेतु कंबल तथा तेज धूप व बारिश से बचाव के लिए छाते वितरित किए गए। साथ ही उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई। कंबल और छाता प्राप्त कर बुजुर्गों के चेहरों पर संतोष, राहत और सुरक्षा की अनुभूति स्पष्ट रूप से दिखाई दी। यह पहल मानवीय संवेदना का सशक्त उदाहरण रही और समाज के प्रति यूनियन की जिम्मेदारी व प्रतिबद्धता को दर्शाती है। पूर्व में भी जरूरतमंदों को राशन कीट, कंबल, छाता आदि घरेलू उपयोगी सामाग्री अनेकों बार वितरण कर इंटक यूनियन किरंदुल ने अपनी मानवीय जिम्मेदारी का निर्वहन करते आया है। जैसे बंगाली कैम्प में तेज बारिश से हुए आपदा के वक्त भी इंटक यूनियन ने इसी तरह के परोपकारी कार्य किए थे आज भी लाभान्वित परिवार यूनियन को धन्यवाद देते रहते हैं। उक्त अवसर पर कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि किरंदुल पुलिस थाना प्रभारी संजय यादव ने ठंड के मौसम में जरूरतमंद नगरवासियों के लिए कंबल तथा धूपबारिश से बचाव हेतु छाता वितरण जैसे मानव सेवा के इस सराहनीय और प्रेरणादायक प्रयास की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने यूनियन को इसी प्रकार श्रमिकों एवं नगरपरिवार के हितार्थ निरंतर नेक कार्य करते रहने के लिए मंगलकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन, इंटक श्रमिक हितों के साथ-साथ समाज सेवा, बच्चों एवं जनकल्याण के कार्यों में सदैव अग्रणी रही है।

# एनएमडीसी के सहयोग से सीसी सड़क निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

नगर के विकास एवं नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए रेलवे फुटवेयर से शिव मंदिर मार्केट तक सीसी (आरसीसी) सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यह कार्य एनएमडीसी के सहयोग से किया जा रहा है, जिससे लंबे समय से चली आ रही क्षेत्रवासियों की मांग अब पूरी होने जा रही है।



यह सड़क मटन मार्केट के पास स्थित शिव मंदिर से रेलवे फुटवेयर तक फैली हुई है, जो क्षेत्र का प्रमुख आवागमन मार्ग है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ डीएवी स्कूल के छात्र-छात्राएं विद्यालय आने-जाने के लिए उपयोग करते हैं। अब तक सड़क कच्ची होने के कारण बरसात के दिनों में यहां भारी कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन जाती थी, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता था। स्थानीय लोगों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह ने एनएमडीसी के महाप्रबंधक रविन्द्र नारायण को अवगत कराया। जनहित को प्राथमिकता देते हुए एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा सड़क निर्माण के लिए सहमति प्रदान की गई। इसी क्रम में 24 दिसंबर को नगर पालिका अध्यक्ष ने एनएमडीसी सिविल विभाग के अधिकारी महेश समेटा के साथ संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सड़क की वर्तमान स्थिति, तकनीकी पहलुओं एवं निर्माण प्रक्रिया पर चर्चा की। इसके पश्चात आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर 29 दिसंबर से सीसी सड़क निर्माण कार्य विधिवत रूप से प्रारंभ कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि इस सड़क निर्माण के लिए वार्ड पार्षद राजकुमार सोनी द्वारा लंबे समय से लगातार प्रयास किए जा रहे थे। उन्होंने समय-समय पर पत्राचार कर संबंधित विभागों का ध्यान इस समस्या की ओर आकृष्ट किया, जिसके फलस्वरूप आज यह महत्वपूर्ण कार्य धरातल पर उतर पाया है।

स्थल निरीक्षण एवं कार्य प्रारंभ के अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि भूषण महापात्र, पार्षद के. सजी, राजकुमार सोनी, थॉमस बाबू दुर्गम, पार्षद यशोदा चुन्नम, बी. रूपा रानी, गायत्री साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

सीसी सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से स्कूली बच्चों को सुरक्षित एवं सुगम मार्ग उपलब्ध होगा, वहीं बरसात के मौसम में कीचड़ और जलभराव की समस्या से स्थायी निजात मिलेगी। यह सड़क निर्माण किरंदुल नगर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### डुवा में डीजे डांस स्पर्धा कल होगी

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम डुवा में डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 31 दिसंबर को शाम 7 बजे से होगा, जिसमें क्षेत्र के युवाओं व कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 7001 रुपएं, द्वितीय पुरस्कार 3500 रुपएं, तृतीय पुरस्कार 2000 रुपएं एवं चतुर्थ पुरस्कार 1000 रुपएं रहेगा। युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 3000 रुपएं, द्वितीय 2000 रुपएं, तृतीय व चतुर्थ 500 रुपएं रहेगा। एकल नृत्य श्रेणी में भी प्रतिभागियों को मंच प्रदान किया जाएगा।

### 10 किलो का आईईडी किया गया नष्ट

**बीजापुर।** डीआरजी बीजापुर और थाना गंगालूर की संयुक्त टीम मुनगा–पेद्दाकोरमा क्षेत्र में अभियान पर निकली हुई थी। अभियान के दौरान डीमाइनिंग कार्रवाई करते समय मुनगा रोड से कुछ दूरी पर एक पगडंडी मार्ग पर माओवादियों द्वारा लगाया गया करीब 10 किलोग्राम वजनी आईईडी बरामद किया गया है। बीडीएस बीजापुर की टीम ने वहीं सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया। सुरक्षा बलों की सतर्कता, सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से माओवादियों की नापाक साजिश को विफल कर दिया गया।

**समाज : जिला व क्षेत्र पदाधिकारियों, महिला- पुरुष व युवक युवतियों ने शपथ ली**

# कोसरिया गांड़ा समाज के प्रांतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन में कृषि एवं शिक्षा पर भी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर



कोसरिया गांड़ा समाज की प्रदेश स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन, कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन 28 दिसंबर को सरस्वती शिशु मंदिर मैदान भानुप्रतापपुर में किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ समाज के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैयालाल कचलाम ने मां सरस्वती, डां भीमराव अम्बेडकर की पूजा-अर्चना, माल्यार्पण और पुरखों नाम कलश जलाकर, समाजिक झंडारोहण शुभारंभ किया गया।

युवक युवती परिचय सम्मेलन के मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि युवक युवती परिचय सम्मेलन होना चाहिए। गांड़ा में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, गांड़ा समाज के बाजा का अलग ही महत्व है, आज छत्तीसगढ़ के ग्राम गुरामी के प्रख्यात पार्टी कर्ण प्रिय धुन सुनने को मिला। आपके समाज बहुत ही प्रतिभाशाली लोग हैं, इन्होंने कहा कि समाज के कारण ही हम हैं, समाज में संगठित रहें। सुख दुःख में सहयोग दें। सबका सम्मान करें, शिक्षा से वंचित ना हों, सबको शिक्षा दिलाने समाज के पदाधिकारी दृढ़संकल्पित रहें, बच्चे पढ़ लिखकर उंचे पदों पर जाए, खेती किसानी और अच्छे व्यवसाय करें। खेती किसानी और व्यवसाय से बड़ी आमदनी लोग कमाते हैं। समाज के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैयालाल कचलाम ने समाज के लोगों को सामाजिक संकल्प की शपथ दिलाई और उपस्थित आम नागरिक, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, क्षेत्र पदाधिकारी, महिला पुरूष, युवक युवतियों को शपथ दिलाया, समाज के लोगों ने विरासत, पूर्वजों के उच्च आदर्श को स्मरण करते समाज द्वारा बनाए गए रीति-रिवाज, नीति-नियम का हमेशा पालन करने, सामाजिक बुराईयों को दूर कर समाज के एकता अखंडता व विकास के लिए कार्य करने, अपने बच्चे एवं समाज के बच्चों को उच्च शिक्षित बनाने तथा सामाजिक रीति रिवाजों को सिखाने, युवाओं को उन्नत खेती एवं व्यवसाय करने, सामाजिक सद्भाव व भाईचारा की भावना को प्रोत्साहित करने, परिवार, समाज की गरिमा को ठेस ना पहुंचे ऐसे कार्य करने का संकल्प लिया। समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एमडी बघेल, पूर्व प्रदेश सर्व गांड़ा समाज अध्यक्ष सुंदरलाल कुलदीप, असिस्टेंट प्रोफेसर धनराज टांडिया, महेश्वरानंद नेताम, कलाराम कुलदीप ने कहा कि समाज में शिक्षा ही उन्नति की ओर ले जा सकती है, हम सबको समाज के बच्चों को सामाजिक स्तर और निजी स्तर में शिक्षा दिलाने के लिए तन-मन-धन से कोशिश करना है।

कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूईया सोनवानी, प्रदेश संरक्षक टीकम टांडिया, प्रदेश संरक्षक रमेश कुलदीप, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र बेसरे, पूर्व प्रदेश संरक्षक सुदामा जय बजरंग, प्रदेश सहसचिव डोमेंन्द्र ग्वालवंशी, वन परिक्षेत्र अधिकारी एसआर नेताम, प्रदेश कोषाध्यक्ष लीलाप्रसाद कुलदीप, जिलाध्यक्ष ईश्वर टांडिया, जिलाध्यक्ष धन्नूराम बघेल, जिलाध्यक्ष कलाराम कुलदीप, जिला रमेश गंधर्व, जिलाध्यक्ष मनबोध कुलदीप, जिलाध्यक्ष देवप्रसाद कुलदीप, जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम कुलदीप, जिला सचिव चंद्रहास कुलदीप, पन्नालाल सोनवानी, जिला संरक्षक प्रेमलाल ग्वालवंशी, जिला सचिव रोहित बघेल, नरेन्द्र कुलदीप, क्षेत्र अध्यक्ष रवि कुलदीप, उषा कुलदीप, रमेश कुलदीप, गोलू माहवे, एसआई महेश्वर नेताम, वत्सला टांडिया, सदाराम नाग, महेंद्र टांडिया, झाड़ूराम बेसरा, अमृत टांडिया, प्रेमदास कचेलाम, अश्वन कचलाम उपस्थित रहे।

# व्यापारी और किसान की मिलीभगत से चल रहे फर्जीवाड़े का पर्दाफाश



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

■ किसान के टोकन पर व्यापारी का धान खपाने का प्रयास

बकावंड के अनुविभागीय दंडाधिकारी मनीष वर्मा ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। धान उपार्जन केंद्र करपावंड के औचक निरीक्षण के दौरान प्रशासन ने व्यापारी और किसान की मिलीभगत से चल रहे एक बड़े फर्जीवाड़े का पर्दाफाश किया। जिसमें किसान के टोकन पर व्यापारी का धान खपाने का प्रयास किया जा रहा था। मामले की जांच में यह खुलासा हुआ कि जिस टोकन पर धान बेचा जा रहा था, वह कृषक उपेन्द्र भारती पिता अर्जुन भारती के नाम पर था। जमीनी हकीकत यह थी कि कृषक उपेन्द्र भारती आजीविका के सिलसिले में हैदराबाद में निवासरत है। उनकी जमीन पर खेती उनके भाई लखीधर भारती द्वारा की जा रही थी। लखीधर ने अपनी उपज के लिए 182 क्विंटल का टोकन कटवाया था, लेकिन खेत में वास्तविक उत्पादन केवल 100 क्विंटल ही हुआ। टोकन में बचे 80 क्विंटल के अंतर का गलत फायदा उठाने के लिए व्यापारी राजेश गुप्ता ने साजिश रची। व्यापारी ने मंडी करपावंड से ही धान अपने दो वाहन क्रमांक सीजी 17 केवाय 7204 और सीजी 17 केजे 9389 में लोड करवाया और ड्राइवरों के हाथ में उपेन्द्र भारती के टोकन की फोटोकॉपी थमाकर उन्हें उपार्जन केंद्र भेज दिया। मौके पर पहुंची प्रशासन की टीम ने जब कड़ाई से पूछताछ की, तो ड्राइवर और किसान के भाई ने पूरा सच स्वीकार कर लिया। उनकी स्वीकारोक्ति के बाद एसडीएम ने कार्रवाई करते हुए अवैध धान से भरे दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। उन्हें आगामी कार्यवाही हेतु थाना करपावंड के सुपुर्द कर दिया गया है। प्रशासन की इस त्वरित और सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध धान बिचौलियों में हड़कंप है।

# फिटनेस में नई पहचान बनी भानुप्रतापपुर की, पहली बार हुई मेन्स फिजिक स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

नगर भानुप्रतापपुर के फिटनेस इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया, जब भानुप्रतापपुर में पहली बार मेन्स फिजिक प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता ने न सिर्फ मंच पर मसल्स की ताकत दिखाई, बल्कि युवाओं में फिटनेस, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली का मजबूत संदेश भी दिया।

आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल राठौर ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ समाज की नींव है और युवाओं को नियमित व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मीकांत बब्बू ठाकुर ने और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के आरके फिटनेस जिम के संचालक ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे और नकारात्मक गतिविधियों से दूर रखते हुए शारीरिक फिटनेस को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना रहा। प्रतियोगिता में भानुप्रतापपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने शानदार बॉडी स्ट्रक्चर और मंच प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता को ऊंचाई के आधार पर तीन वर्गों में विभाजित किया गया, जिसमें प्रथम वर्ग 5 फीट 4 इंच में प्रथम छबि लाल निषाद (दुर्ग–पाटन), द्वितीय हर्ष ठाकुर (दंतेवाड़ा) द्वितीय वर्ग में 5 फीट 5 इंच से 5 फीट 7 इंच तक में प्रथम भारत मंडावी (गुडियारी, रायपुर), द्वितीय चाहत कुमार (चारामा), तृतीय वर्ग में 5 फीट 7 इंच से अधिक में प्रथम दिनेश पुनेम (दंतेवाड़ा) और द्वितीय डोमन ध्रुव (धमतरी) रहे। निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन बॉडी स्ट्रक्चर, मसल डेफिनिशन, संतुलन एवं मंच प्रस्तुति के आधार पर किया गया। विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र अतिथियों के द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में मोहन हरद्वानी, परिवहन संघ अध्यक्ष गुरुदीप सिंह ढिंडसा, दीपेश चोपड़ा एवं पंकज राज वधवानी का योगदान रहा। आयोजकों ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में ऐसे और आयोजनों की घोषणा के संकेत दिए।

# बड़ेतेवड़ा कांड की गोंड़वाना समाज ने की निंदा, शांति और संवाद की अपील

■ गायता, पुजारी और मांझी के प्रयासों से कुछ लोग मुख्यधारा से जुड़े

**कांकेर।** कांकेर जिले के आमाबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़ेतेवड़ा में हाल ही में घटित हिंसक घटना की गोंडवाना समाज समन्वय समिति, बस्तर संभाग ने कड़ी निंदा की है। समिति ने इस घटना को समाज के लिए अत्यंत दुखद और चिंताजनक बताते हुए आपसी सौहार्द और शांति बनाए रखने की अपील की है।

घटना की जानकारी मिलते ही गोंडवाना समाज के जिला अध्यक्ष राजेश भास्कर आमाबेड़ा पहुंचे और समाज के गायता, पुजारी, मांझी सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारियों से मुलाकात कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन या संप्रदाय के बहकावे में आकर एक ही समाज के लोगों का आपस में लड़ना दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे समाज कमजोर होता है। बड़ेतेवड़ा घटना में घायल हुए सामाजिक मांझी, गायता और ग्रामीणों से जिला अस्पताल में संपर्क कर स्थिति की जानकारी ली गई। इस संबंध में संभागीय अध्यक्ष सुमेर सिंह नाग, कांकेर जिलाध्यक्ष राजेश भास्कर एवं सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष कन्हैया उसेंडी से चर्चा कर सामाजिक स्तर पर संवाद के माध्यम से समाधान निकालने का सुझाव दिया गया। समाज का स्पष्ट मत है कि आपसी संवाद के अलावा इस तरह की समस्याओं का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। समिति ने यह भी कहा कि आदिवासी समाज की रूढ़िजन्य परंपराएं, सांस्कृतिक पेन व्यवस्था और सामाजिक रीति-रिवाज उसकी पहचान हैं। जो भी परिवार प्रलोभन या आडंबर में आकर अन्य प्रथा या संप्रदाय की ओर गए हैं, उनसे समाज की मुख्यधारा में लौटने और समाज को समृद्ध बनाने का आग्रह किया गया है। समाज के गायता, पुजारी और मांझी के प्रयासों से कुछ लोग पुनः मुख्यधारा में जुड़े हैं, जिसका समाज ने स्वागत किया है। गोंडवाना समाज ने स्पष्ट चेतावनी दी कि चाहे कोई भी धार्मिक या राजनीतिक संगठन हो, यदि वह आदिवासी समाज को भड़काने या आपस में लड़ाने का प्रयास करेगा तो उसका कड़ा विरोध किया जाएगा। साथ ही, स्व. जीवन ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष आदिवासी समाज की जेल अभिरक्षा में हुई मृत्यु पर किसी संगठन या राजनीतिक दल द्वारा सामने न आने को भी दुर्भाग्यपूर्ण बताया गया। गोंडवाना समाज बस्तर संभाग एवं गोंडवाना समाज समन्वय समिति ने इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष बसंत यादव का सरोना में कांग्रेसियों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरोना

कांग्रेस पार्टी के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष बसंत यादव के प्रथम सरोना आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार आतिशबाजी करते हुए भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्र में उत्साह और हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर जिला अध्यक्ष बसंत यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया और संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

स्वागत कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष बसंत यादव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी को एकजुट होकर अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। उन्होंने कहा कि कांकेर जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयी बनाना उनकी पूर्ण जिम्मेदारी है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्यकर्ताओं का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की सेवा, सामाजिक सद्भावना और जनकल्याण के मूल मंत्र पर कार्य करती रही है। पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और हर मतदाता से संपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान सुनिश्चित करने का कार्य सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर करना होगा। जिला अध्यक्ष ने कहा कि संगठन में जो पुराने कार्यकर्ता किसी कारणवश निष्क्रिय हो गए हैं या जो नाराज चल रहे हैं, उनके पास वे स्वयं उनके निवास स्थान पर जाकर मुलाकात करेंगे। उनके गिले-शिकवे दूर कर उन्हें पुनः कांग्रेस पार्टी के हित में सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम के पश्चात जिला अध्यक्ष ने सरोना स्थित धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। किसानों ने भी अपनी परेशानियों को खुलकर रखा, जिस पर जिला अध्यक्ष ने संवेदनशीलता के साथ समाधान का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक शंकर ध्रुवा, श्याम ध्रुवा, वीरेश ठाकुर, जनक नंदन कश्यप, सुभद्रा सलाम, रोहिदास शोरी, कमल ध्रुवा, मुकेश रजक, जगदेव मंडावी, दिनेश सहारे, पुष्कर साहू, पृथ्वी लाल रामटेके, हरक नेताम, देवानंद मरकाम, देवाल सिंह नेताम, राजकुमार नाग, फैजल मेमन, शिवेंद्र जैन, जेवालाल मरकाम, ईश्वर मांडवी, मनोज निषाद, सेवक गजीर, अजय ठाकुर, अमिला कुंजाम, सुमित्रा वट्टी, ललिता शोरी, गीता निषाद, ममता जैन सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कर्मचारियों से किए गए वादों की अनदेखी के विरोध में कलम बंद काम बंद किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चारामा/दुर्गूकोंदल

■ कर्मचारियों ने कौरर चौक पर हुंकार भरी, आंदोलन 31 तक



चारामा छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले मोदी की गारंटी को लागु कराने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर विकासखण्ड के 27 विभागों के फेडरेशन से जुडे कर्मचारियों के द्वारा 29 से 31 दिसम्बर तक आंदोलन के तृतीय चरण के तहत कलम बंद काम बंद आंदोलन किया। शासन द्वारा कर्मचारियों से किए गए वादों की अनदेखी के विरोध में उनका संघर्ष अब निर्णायक चरण में पहुँच चुका है। तीन दिवसीय इस आदोलन के पहले दिवस 29 दिसंबर को सभी कर्मचारियों ने नगर के कौरर चौक आंदोलन स्थल में अपनी हुंकार भरी। कर्मचारियों का 11 सूत्रीय मांगो को लेकर प्रदर्शन दिनभर जारी रहा। उनका कहना था कि यह सभी माँगे मोदी की गांरटी में भी शामिल रही, लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी मोदी की गारंटी का कोई भी वादा पूरा नहीं किया गया है। धरने में ब्लॉक पदाधिकारियों में कृष्ण कुमार मंजीर, पीआ कुजाम, तरूण देवदास, कृदंत कुमार पम्मार, कातेश्वरी तेता, लक्ष्मण सिन्हा, बलदेव साहू, सूर्यकांत देवांगन, सीआर बनपेला, कथाक्ती ठाकुर, लक्ष्मी रावटे, रीना डेनियल, सुनीता वाल्मिकी, अरूण मालेकर, अनुरूद्ध सिहसार, विरेन्द्र मेहता, संजय सिन्हा सहित फेडरेशन से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दुर्गूकोंदल में भी सरकारी कार्यालयों पर काम रहा बंद

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर तृतीय चरण के जिला स्तरीय कलम बंद-काम बंद आंदोलन को सफल बनाने के लिए विकासखंड दुर्गुकोंदल के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारी 29 से 31 दिसंबर तक हड़ताल पर बैठ गए हैं। आंदोलन के दौरान कर्मचारियों द्वारा शासन के विरुद्ध नारेबाजी कर अपनी मांगों को जोर-शोर से उठाया जा रहा है।



विकासखंड दुर्गुकोंदल के अधिकारी-कर्मचारी संघ के संयोजक बाबूलाल कोमरे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आंदोलन में विभिन्न विभागों और संगठनों के कर्मचारी शामिल है, जिसमें शिक्षक संघ, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ, पंचायत सचिव संघ, लघु वेतन कर्मचारी संघ, दैनिक वेतनभोगी संघ, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ नियमित व्याख्याता-प्राचार्य संघ, वन कर्मचारी संघ, पंचायत ग्रामीण विकास संघ, छत्तीसगढ़ लिपिक संघ, ऑपरेटर संघ, पशुपालन कर्मचारी संघ सहित अनेक संगठनों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। आंदोलन में बैजनाथ नरेटी, सतीश जुर्री, पंचम नरेटी, कृपा राम बघेल, चेतन पोटाई, जितेंद्र गोयल, अभिषेक नेताम, संजय सेवता, उज्जवल साहू, अनिल साहू एवं धर्मेंद्र साहू, तुशेष रावटे, रमेश किशोरे सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विवाह उत्सव में पवित्रता का ख्याल रखें : आचार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर





राधा रमन भागवत समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन आचार्य अभिषेक पाठक ने कहा कि विवाह उत्सव में पवित्रता का ख्याल रखना चाहिए। आज के समय में यह देखने को मिलता है की शादी विवाह में कुछ लोग मद्यपान कर विवाह उत्सव के वातावरण को दूषित करते हैं। विवाह शास्त्र सम्मत होना चाहिए, विवाह अपने वर्ण में ही करना चाहिए, प्रेम विवाह नहीं करना चाहिए। आजकल तो प्रेम के कुचक्र में फंस कर नव जवान पीढ़ी अन्य धर्म के लोगों से विवाह कर रहे हैं और तलाक या हत्या तक हो रही है। सयुंक्त परिवार का चलन अब कम हो रहा है। एकल परिवार का चलन अब बढ़ने लगा हैं। परिवार के सदस्यों को कम से कम एक समय का भोजन मिलकर करना चाहिए। मोबाइल के कारण भी पारिवारिक सदस्यों का आपस में बातचीत नहीं हो पाती सप्ताह बीत जाते हैं, जिससे संवाद नहीं हो पाता। इसलिए दिन या रात में कम से कम एक बार साथ मिलकर भोजन अवश्य करना चाहिए।

